Helpline 1064 94135-02834

# कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- जयपुर में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, सांगानेर ग्रामीण जयपुर रिश्वत राशि 4,000/– रूपये लेते रंगे हाथों गिरफ्तार।

जयपुर, 14 मई, बुधवार। एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर एसीबी जयपुर नगर द्वितीय द्वारा आज कार्यवाही करते हुए आरोपी श्री सुरेन्द्र कुमार, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सांगानेर ग्रामीण जयपुर **4,000/– रूपये** नगद रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के **महानिदेशक पुलिस श्री डॉ. रवि प्रकाश मेहरडा** ने बताया कि एसीबी जयपुर नगर द्वितीय को एक शिकायत इस आशय की मिली कि परिवादी के स्कूल के बच्चों का रिकॉर्ड अपलोड करने हेतु यूडाईस कोड आवेदन पत्र को संशोधित कर जारी करने की एवज में परिवादी से 15,000/– रूपये की रिश्वत राशि मांग कर परेशान किया जा रहा था व दबाव बनाकर परिवादी से 10,000/– रूपये सत्यापन के दौराने प्राप्त कर लिये।

जिस पर एसीबी रेंज जयपुर के **उप महानिरीक्षक पुलिस–द्वितीय श्री राजेश सिंह** के सुपरविजन में एसीबी जयपुर नगर–द्वितीय के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री ओमप्रकाश किलानिया** के निर्देशन में **पुलिस निरीक्षक श्री छोटीलाल** एवं अन्य ने ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी श्री सुरेन्द्र कुमार, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, सांगानेर ग्रामीण जयपुर को 4,000/– रूपये रिश्वत रशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया हैं।

एसीबी की **अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव** के सुपरविजन में आरोपी से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जावेगा।